सं0-35/2016/1141/62-2-2016-2/3(12)/2016

प्रेषक,

रेणुका कुमार,
प्रमुख सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

अधिशासी अभियंता,
लघु सिंचाई संबंधित प्रखण्ड,

लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक:18 अप्रैल,2016

विषय- चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के अन्तर्गत आयोजनागत पक्ष में अनुदान सं0-13 के अधीन मध्यम गहरे नलकूप योजना हेतु प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष प्रथम छ:माही हेतु धनराशि का आवंटन (जिला योजना) ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई विभाग के पत्र सं0-जी-381/ल0सिं0/बजट-3/2016-17, दिनांक 06.4.2016 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 में मध्यम गहरे नलकूप योजना के अन्तर्गत सामान्य कृषकों के लिए प्राविधानित धनराशि रू0-7553.30 लाख के सापेक्ष प्रथम छ:माही हेतु धनराशि रू0-3746.65 लाख (रूपया सैंतिस करोड छियालिस लाख पैसठ हजार मात्र) को संलग्न विवरणानुसार राज्यपाल महोदय आपके निवर्तन पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते है:-

(1) यह धनराशि चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के अन्तर्गत आयोजनागत पक्ष में जिला सेक्टर की योजनाओं के अधीन मध्यम गहरे नलकूप की योजना हेतु अनुदान पर व्यय हेतु है। अवमुक्त धनराशि को किसी ऐसे मद पर कदापि व्यय न किया जाय, जिसके लिए वित्तीय हस्त पुस्तिका तथा बजट मैनुअल एवं शासन के अस्थाई आदेशों के अन्तर्गत शासन या सक्षम अधिकारी की स्वीकृति आवश्यक हो, ऐसा व्यय शासन/सक्षम अधिकारी की पूर्व स्वीकृति व सहमति प्राप्त करने के उपरान्त ही किया जाय।

(2) अवमुक्त धनराशि से किसी भी दशा में अधिक व्यय न किया जाय तथा समस्त व्यय संबंधित शासनादेशों तथा शासन के स्थाई/अस्थाई नियमों में उल्लिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन ही किया जाय।

(3) आपको पुन: स्पष्ट किया जाता है कि अतिरिक्त धनराशि की प्राप्ति की प्रत्याशा में अनाधिकृत एवं अधिक व्यय कदापि न किया जाय तथा व्यय अवमुक्त धनराशि तक ही सीमित रखा जाय। व्यय में की गयी किसी भी अनियमितता के लिए आहरण एवं वितरण अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे।

(4) प्रत्येक बोरिंग के साथ ही कम से कम 25 पेड़ जो किसान स्थानीय स्तर पर अपने लिए उपयोगी समझे, लगाये जाने की भी व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

(5) प्रश्नगत योजना का क्रियान्वयन शासनादेश सं0-3941/62-2-2012-2/2 (10)/2012, दिनांक 20.11.2012 द्वारा निर्गत गार्डड लाइन के अनुसार किया जायेगा।

(6) प्रश्नगत योजना में प्राविधानित धनराशि की वित्तीय स्वीकृतियॉ विभाग द्वारा गत वित्तीय वर्ष/विभागीय आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए जनपदवार फॉट तैयार करते हुए इस शर्त के साथ निर्गत की जा रही है कि यथासमय जिला सेक्टर योजनाओं के लिए जनपदवार/योजनावार परिव्यय के निर्धारण के बाद आवश्यकतानुसार समायोजन करते हुए संशोधित की जा सकती है। उक्त के अतिरिक्त विभागीय आवश्यकताओं के दृष्टिगत जनपद विशेष के लिए स्वीकृत धनराशि से भिन्न परिव्यय जनपद विशेष में आता है तो तदनुसार यथासमय स्वीकृतियॉ संशोधित कर ली जायेगी।

(7) यह व्यक्तिगत रूप से सुनिश्चित कर लिया जाय कि अवमुक्त धनराशि के प्रत्येक बिल पर सही, सम्पूर्ण, मुख्य, लघु, उप एवं विस्तृत लेखा शीर्षक अंकित किया जाय और प्रत्येक बिल पर ऊपर दाहिनी ओर लाल स्याही से आयोजनागत शब्द अवश्य लिखा जाय अन्यथा महालेखाकार कार्यालय में सही बुकिंग में बाधा होगी।

(8) विभिन्न अनुदानों के अन्तर्गत् बजट में प्राविधानित धनराशि का आवंटन एवं आवंटित/वितरित धनराशि के समक्ष किये गये व्यय पर नियंत्रण के संबंध में शासनादेश सं0-बी-1-1195/दस-16/94, दिनांक 06 जून,1994 द्वारा निर्गत निर्देशों का कडाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(9) अवमुक्त धनराशि के समक्ष किए गये व्यय निम्नलिखित समय सारणी के अनुसार निर्धारित रूप पत्रों में मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई विभाग को निश्चित रूप से उपलब्ध करायें जायें।

1-मासिक व्यय विवरण	आगामी माह की 05 तारीख तक
2-प्रारम्भिक व्ययाधिक्य तथा बचत विवरण	15-10-2016 तक
3-व्यायाधिक्य तथा बचट का अंतिम विवरण्	15-12-2016 तक
4-वर्ष 2016-17 के आवंटन का अंतिम लेखा विवरण (पुनर्विनियोग का प्रस्ताव) यदि कोई हो	15-02-2017 तक
5-आवंटन का समर्पण	15-03-2017 तक

नोट:- दिनांक 15-03-2017 के बाद कोई भी समर्पण स्वीकार नही किया जायेगा।

2- तत्संबंधी व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के अन्तर्गत अनुदान सं0-13 के अधीन "लेखा शीर्षक-2702-लघु सिंचाई-आयोजनागत-80-सामान्य-800-अन्य व्यय-09-एलूवियम क्षेत्रो में मध्यम गहराई के नलकूपों का निर्माण(जिला योजना)-27--सब्सिडी" के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-बी-1-746/दस-2016-231/2016, दिनांक 22.03.2016 के क्रम में जारी किये जा रहे है।

संलग्नक:यथोक्त।

भवदीय,

ह0/

(रेणुका कुमार)

प्रमुख सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

सं0-35/2016/1141(1)/62-2-2016, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को संलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)।/।। उ0 प्र0 इलाहाबाद।
2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) ।/।। उ0 प्र0 इलाहाबाद।
3- मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई विभाग उ0 प्र0 लखनऊ।
4- समस्त अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई वृत्त।
5- संबंधित जिलाधिकारी।
6- संबंधित मुख्य विकास अधिकारी/अतिरिक्त् जिलाधिकारी (विकास)/जिला विकास अधिकारी।
7- संबंधित सहायक अभियंता, लघु सिचाई विभाग।
8- संबंधित मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी।
9- नियोजन अनुभाग-3, उ0 प्र0 शासन।
10- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-2, उ0 प्र0 शासन।
11- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0 प्र0 शासन।
12- निदेशक, सूचना, उत्तर प्रदेश।
13- एन0आई0सी0 की प्रति।
14- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

ह0/

(एस0पी0 सिंह)

अनु सचिव।

सं0-35/2016/1141/62-2-2017-2/3(12)/2016, दिनांक 18 अप्रैल,2016 का संलग्नक।

चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के अन्तर्गत अनुदान सं0-13 के अधीन "लेखाशीर्षक-2702-लघु सिंचाई-आयोजनागत-80-सामान्य-800-अन्य व्यय-09-एलूवियम क्षेत्रो में मध्यम गहराई के नलकूपों का निर्माण (जिला योजना)-27--सब्सिडी में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष 50 प्रतिशत की सीमा तक अवमुक्त की जाने वाली धनराशि का विवरण:-

क्र0सं0	जनपद	गत वर्ष में नियोजन विभाग द्वारा सूचित परिव्यय	बजट प्राविधान	50 प्रतिशत की सीमा तक अवमुक्त की जाने वाली धनराशि
1	2	3	4	5
1	ejB	306.00	131.58	65.79
2	cyUn'kgj	194.31	82.62	41.31
3	gkiM	45.90	19.89	9.18
4	vkxjk	229.50	97.92	48.96
5	eFkjk	275.40	117.81	59.67
6	fQjktkckn	290.70	123.93	61.20
7	euijh	290.70	123.93	61.20
8	vyhx<	558.35	238.68	119.34
9	gkFkjl	137.60	58.14	29.07

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

10	,Vk	191.25	81.09	41.31
11	dklxt	91.80	39.78	19.89
12	cjyh	214.20	91.80	45.90
13	cnk;	55.08	22.95	12.24
14	lEHky	49.20	19.89	9.18
15	'kkgtgkij	107.10	45.90	22.95
16	ihyhHkhr	61.20	26.01	12.24
17	ejknkckn	84.15	36.72	18.36
18	vejkgk	382.50	163.71	82.62
19	jkeij	58.14	24.48	12.24
20	fctukj	145.35	62.73	30.60
21	y[kuÅ	284.58	122.40	61.20
22	gjnkb	443.70	189.72	94.86
23	lhrkij	306.00	133.11	67.32
24	[khjh	76.50	33.66	16.83
25	jk;cjyh	380.00	162.18	81.09
26	mUuko	841.50	361.08	180.54
27	dkuij uxj	1787.04	765.00	382.50
28	dkuij ngkr	1514.70	647.19	322.83
29	bVkok	397.80	169.83	84.15
30	vkj;k	765.00	327.42	163.71
31	Q#[kkckn	52.05	22.95	12.24
32	dUukt	351.90	149.94	74.97
33	bykgkckn	711.45	305.69	153.61
34	dk'kkEch	168.30	71.91	35.19
35	Qrgij	489.60	209.61	105.57
36	irkix<	88.74	38.25	18.36
37	okjk.klh	153.00	65.79	33.66
38	pUnkyh	37.50	15.30	7.65
39	xkthij	229.50	97.92	48.96
40	tkuij	306.00	130.05	65.79
41	fetkij	122.40	52.02	26.01
42	lUrjfonkl uxj	5.00	0.00	0.00
43	Qtkckn	70.38	30.60	15.30
44	vEcMdj uxj	76.50	32.13	15.30
45	ckjkcdh	275.40	117.81	59.67
46	lYrkuij	306.00	130.05	65.79
47	veBh	1683.00	719.10	359.55
48	egkjktxt	10.00	4.59	1.53
49	vktex<	33.66	15.30	7.65
50	cfy;k	15.30	6.12	3.06
51	>klh	87.21	36.72	18.36
52	tkyku	856.80	367.20	183.60
53	gehjij	864.45	370.26	185.13
54	cknk	100.50	42.84	21.42
	;kx%&	**17659.89**	**7553.30**	**3776.65**

(रू0 सैतीस करोड छिहत्तर लाख पैसठ हजार मात्र)

(एस0पी0 सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in